Publication	Navbahrat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	27th Nov 2019

NBT
नवभारत टाइम्स

'एमआई एंड मी' प्रतियोगिता में 200 छात्रों ने लिया भाग

■ **एनबीटी न्यूज, गुड़गांव :** सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल में 9वें वार्षिक इंटर-स्कूल 'मल्टीपल इंटेलिजेंस एंड मी' प्रतियोगिता हुई। इसमें दिल्ली-एनसीआर के 13 स्कूलों के 200 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में गुड़गांव से स्कॉटिश हाई इंटरनैशनल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल, ब्लू बेल्स मॉडल स्कूल, डीपीएस सेक्टर-45, जीडी गोयनका स्कूल समेत अन्य स्कूल शामिल हुए।

'एमआई एंड मी' प्रतियोगिता छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उनमें छिपी प्रतिभा को भी निखारा गया। इस वर्ष भी वार्षिक इंटर स्कूल प्रतियोगिता को मध्य वर्षीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले छात्रों के अनुरूप डिजाइन किया गया। इसमें दृश्य संबंधी, शाब्दिक, तार्किक, दैहिक, सांगीतिक, अंतर व्यक्तित्व प्रतिभा, व्यक्तित्व प्रतिभा और प्राकृतिक प्रतिभा शामिल रहे। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सनसिटी स्कूल की निदेशक रूपा चक्रवर्ती ने कहा कि प्रतियोगिता में सबसे अधिक पुरस्कारों के साथ स्कॉटिश हाई इंटरनैशनल विजेता बना। चार समूहों में आयोजित प्रतियोगिता में 5वीं से 9वीं तक के छात्रों ने क्षमताओं के आधार पर गतिविधियों में हिस्सा लिया।

सनसिटी स्कूल में हुआ मुकाबला